दिनांक 27 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए अब ई-रिक्शा दिखने लगेगी सड़कों पर, महापौर श्री देवेंद्र यादव ने हरी झंडी दिखाकर किया आज रवाना , स्वच्छता के कार्यों में आएगी प्रगति

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सफाई व्यवस्था की गतिविधियों को संचालित करने के लिए महापौर देवेंद्र यादव के प्रयास से 61 ई रिक्शा निगम भिलाई में पहुंच चुकी है जिसे भिलाई निगम के बस डिपो रखा गया था! ई-रिक्शा को बेहतर तरीके से संचालन करने के लिए लगभग डेढ़ माह स्वच्छता कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव एवं स्वच्छता विभाग के प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने हरी झंडी दिखाकर इस रिक्शा को रवाना किया! इस रिक्शा की खासियत यह है कि यह एक बार बैटरी चार्ज करने के पश्चात लगभग 60 से 70 किलोमीटर तक चलाई जा सकती है , बैटरी चार्ज करने के लिए अलग से चार्जर दिया गया है! प्रदाय करने वाली कंपनी ने 1 साल तक इस रिक्शा का वारंटी प्रदाय किया है तथा बैटरी का 3 वर्ष तक! इसमें पेट्रोल एवं डीजल डालने की आवश्यकता नहीं है , यह पूर्णता इको फ्रेंडली रिक्शा है जोकि पूर्णत: प्रदूषण रहित है! इस रिक्शे में सूखा कचरा एवं गीले कचरे के लिए पृथक पृथक डिब्बा बनाया गया है, सूखे कचरे को अलग एवं गीले कचरे को अलग लिया जाएगा! ई रिक्शा के संचालन से स्वच्छता में एक नई कड़ी जुड़ जाएगी, समय की बचत होगी और अधिक से अधिक कचरा संग्रहण का कार्य होगा! इस रिक्शे में एक लीवर दिया गया है जिसे दबाने पर सूखा एवं गीला कचरा युक्त डिब्बा उपर उठने लगता है जिससे कचरे को आसानी से निकाला जा सकता है! स्वच्छता के आयाम में यह रिक्शा बहुउपयोगी साबित होगा! यह रिक्शा ध्वनि प्रदूषण से रहित है जिसमें किसी प्रकार की आवाज नहीं आती! इसमें रिक्शा को पीछे करने के लिए भी स्विच दिया गया है

जनसंपर्क अधिकारी